खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार | by Neelam Sharma

खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार
तेरे भवन पे बाबा मिले सबको प्यार
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार

शीश का दानी तू है हारे का सहारा है
मेरी मझधार का बाबा तू किनारा है
हाथ में तेरे बाबा मेरी पतवार
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार

मेरा श्याम प्यारा हारे का सहारा ....

लीले पे सवार होके आजा एक बार तू
मेरे घर में आके बाबा कर उपकार तू
पलके बिछा के बाबा करूँ इंतज़ार
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार

तूने दिया है बाबा तेरा ये प्यार है
तेरे भरोसे बाबा मेरा परिवार है
दीपक भी तेरे दर पे आये बार बार
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%9c%e0%a4%af/